जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जी.वि.वि./परीक्षा/2017/1075 दिनांक 25/08/2017

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष

समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय

जीवाजी विश्वविद्यालय से संबंधित।

विषयः जून 2017 में प्रदान परीक्षा संचालन हेतु अग्रिम राशि का तत्काल समायोजन करवाने बाबत सूचना पत्र।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय को जून 2017 में द्वितीय, चर्तुथ, छठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम राशि प्रदान की गई है। किन्तु आपके द्वारा आज दिनांक तक व्यय लेखे विश्वविद्यालय में समायोजन हेतु प्रस्तुत नहीं किये हैं।

प्रदान राशि के तत्काल समायोजन हेतु विश्वविद्यालय संपरीक्षक कार्यालय (ऑडिट) द्वारा निरन्तर पत्र लिखकर गहन आपत्ति व्यक्त की जा रही है। यदि समय सीमा के आपके द्वारा व्यय लेखे का तत्काल समायोजन नहीं कराया जाता है तो आगामी परीक्षाओं के संचालन हेतु राशि प्रदान किया जाना संभव नहीं होगा। असुविधा के लिए प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष स्वंय उत्तरदायी होगें।

अतः 15 दिवस की अवधि में तत्काल समायोजन हेतु व्यय लेखे विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने का अनुरोध है।

(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपतिजी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक